ISSN 2229-6328

भाग - सप्तत्रिंश, प्रथम-द्वितीय खण्ड

ॐ पावमानी

त्रैमासिकी मूल्याङ्किता वैदिक शोधपत्रिका

विश्वकल्याणकारिणी वैदिक जीवन-पद्धति

ISSN 2229-6328

ओ३म्

प्रेरणास्रोत : प. पू. स्व. स्वामी समर्पणानन्द जी महाराज

पावमानी

त्रैमासिकी मूल्याङ्किता (Peer Reviewed) वैदिक शोधपत्रिका

भागः सप्तत्रिंश, प्रथम-द्वितीय खण्ड (वि. सं. २०७८-२०७९)

विश्वकल्याणकारिणी वैदिक जीवन-पद्धति

प्रकाशक

स्वामी समर्पणानन्द वैदिक शोध संस्थान

गुरुकुल प्रभात आश्रम, टीकरी, भोला, मेरठ- २५०५०१

जन.-जून २०२२ — **मूल्य २००.००**

एक प्रति का मूल्य	...	१०० रु०
वार्षिक सदस्यता शुल्क	...	४०० रु०
आजीवन सदस्यता शुल्क	...	२००० रु०
आजीवन सदस्यता शुल्क (छात्रों हेतु)	...	१५०० रु०
आजीवन सदस्यता शुल्क (संस्था हेतु)	...	५००० रु०
सहयोगी सदस्यता शुल्क	...	५५०० रु०
संरक्षक सदस्यता शुल्क	...	१०००० रु०
परामर्शक सदस्यता शुल्क	...	११००० रु०

आभार

पावमानी के इस अङ्क का सम्पूर्ण व्ययभार आश्रम के प्रति एकनिष्ठ स्व. माता प्रकाशवती जी की प्रेरणा से रस्तौगी प्रकाशन, मेरठ, उ.प्र. ने वहन किया।

• स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी समर्पणानन्द वैदिक शोध संस्थान
गुरुकुल प्रभात आश्रम, टीकरी, भोला,
मेरठ - २५०५०१ (उ.प्र.)
दूरभाष : ८००६७०२५५१

अणुवाक्:
pavamani86@gmail.com

• **पावमानी**- ISSN२२२९-६३२८
भाग: सप्तत्रिंश, प्रथम-द्वितीय खण्ड
जन.-जून २०२२

• प्राप्ति स्थान-
गुरुकुल प्रभात आश्रम, टीकरी, मेरठ

• मुद्रक
रस्तौगी प्रकाशन, मेरठ (उ.प्र.)

• प्रेरणास्रोत :
प.पू. स्व. श्री स्वामी समर्पणानन्द सरस्वती

• प्रधान सम्पादक
स्वामी विवेकानन्द सरस्वती

• सम्पादक
प्रो. सोमदेव शतांशु
०९८३७६४७४२७

डॉ. वाचस्पति मिश्र
०९३१९००२४०२

• **कल्पादितः** १,९७,२९,४९१२२ गते
• **सृष्टि आदितः** १,९६,५८,८५१२२ गते
• **युगाब्द** ५१२२
• **दयानन्दाब्द** १९५

सम्पादकीयम्

सृष्टि के आदि में तपःपूत ऋषियों के अन्तःकरण में जिस ईश्वरीय ज्ञान का प्रादुर्भाव हुआ, उसे ही सम्पूर्ण संसार वेद के नाम से जानता है। वेदों को भारतीय ज्ञानपरम्परा का आदिस्रोत ही नहीं अपितु समस्त विश्वसाहित्य की आदिरचना भी माना जाता है। चराचर जगत् के ऐहिक और आमुष्मिक कल्याण के लिए वेदों में जिस प्रकृति प्रदत्त सार्वभौम और स्वाभाविक जीवन-सरणी का प्रकाश किया गया है, वह कल्याणकारिणी जीवन पद्धति किंकर्त्तव्यविमूढ़ मानव-जाति को निरन्तर सन्मार्ग की ओर प्रेरित करती रही है। अथर्ववेद का ऋषि कहता है- **आरोहणमाक्रमणं जीवतो जीवतोऽयनम्।** (अथर्ववेद ५.३०.७) **उद्यानं ते पुरुष नावयानम्।** (अथर्ववेद ८.१.६) अर्थात् मनुष्य का जीवन सदैव ऊर्ध्वगामी, गतिशील और चरमलक्ष्य की प्राप्ति में संलग्न होना चाहिए।

किन्तु पाश्चात्य जीवन पद्धति में दीक्षित और भौतिक सुख को ही जीवन का लक्ष्य मानने वाला आधुनिक मानव सत्य-असत्य, न्याय-अन्याय, धर्म-अधर्म, उचित और अनुचित के विवेक से रहित होकर केवलमात्र अर्थ का दास बना हुआ है। समाज के किसी भी अङ्ग पर विचार कर लीजिए, सभी में भयङ्कर भोग-भावना अतिक्रान्त हो चुकी है, जिसका दुष्प्रभाव किसी से छिपा नहीं है। जबकि दूसरी ओर जब हम वैदिक जीवन पद्धति पर सूक्ष्मता से विचार करते हैं तो ज्ञात होता है कि

यह पद्धति त्याग, दान, अस्तेय, अपरिग्रह, सन्तोष और सदाचार आदि सनातन मूल्यों पर आश्रित है। सम्पूर्ण वैदिक वाङ्मय पदे-पदे त्यागपूर्वक उपभोग के लिए प्रेरित करता है- **तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः मा गृधः कस्य स्विद्धनम्।** (यजुर्वेद ४०.१)

वैदिक जीवन-पद्धति में धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इस पुरुषार्थचतुष्टय में भी जब मनुष्य धर्मपूर्वक अर्थ का उपार्जन करता है और धर्मार्थपूर्वक काम का उपभोग करता है, तभी वह यथाक्रम सुसेवित त्रिवर्ग के द्वारा मोक्ष का अधिकारी बन पाता है। वैश्विक कल्याण के लिए पुरुषार्थ चतुष्टय की इस वैदिक पद्धति से भिन्न वैज्ञानिक और उत्तम मार्ग सम्भव ही नहीं है।

वैदिक जीवन-पद्धति में निर्धारित वर्ण-व्यवस्था के अनुसार जन्ममात्र से कोई भी व्यक्ति श्रेष्ठ नहीं है अपितु गुण और कर्म के आधार पर ही उसे समाज में प्रतिष्ठा प्राप्त होती है। इस वैज्ञानिक पद्धति के अनुसार ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य अथवा शूद्र के घर में उत्पन्न प्रत्येक बालक कर्मों के आधार पर अपने-अपने वर्ण के निर्धारण में पूर्ण स्वतन्त्र है। श्रीमद्भगवद्गीता में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने इसी तथ्य का प्रतिपादन किया है- **चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्मविभागशः।** इतना ही नहीं शास्त्रों में इस बात का भी प्रावधान किया गया है कि यदि कोई ब्राह्मण अध्ययन, अध्यापन, त्याग और तपश्चर्या से विरहित कर्म करता है तो उसकी वर्णच्युति भी सम्भव है और तपःपूत ब्राह्मणोचित कर्म करने वाला मनुष्य चाहे वह जन्मना क्षत्रिय, वैश्य अथवा शूद्र ही क्यों न हो, ब्राह्मण वर्ण में दीक्षित हो सकता है। मनुस्मृति स्वयं इसका प्रमाण देती है-

योऽनधीत्य द्विजो वेदमन्यत्र कुरुते श्रमम्।
स जीवन्नेव शूद्रत्वमाशु गच्छति सान्वयः॥

(मनुस्मृति २.१६८)

शूद्रो ब्राह्मणतामेति ब्राह्मणश्चैति शूद्रताम्।
क्षत्रियाज्जातमेवं तु विद्याद्वैश्यात्तथैव च॥

(मनुस्मृति १०.१०.६४)

वैदिक जीवन-पद्धति में मानव के शतायु जीवन को ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास इन चार आश्रमों में विभक्त किया गया है। ब्रह्मचर्याश्रम का मुख्य लक्ष्य विद्यार्जन और गुणार्जन है। गृहस्थाश्रम में धर्मपूर्वक अर्थार्जन और काम का सेवन मुख्य लक्ष्य माना गया है। वानप्रस्थाश्रम में योगाभ्यास और तपश्चर्या मुख्य लक्ष्य हैं। इसी तरह तुरीयाश्रम में परिव्राजक के रूप में समाज में ज्ञान का प्रसार और प्राणिमात्र की सेवा ही संन्यासी का मुख्य लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जाबालोपनिषद् के अनुसार मनुष्य को चारों आश्रमों का पालन अवश्य करना चाहिए- **स होवाच याज्ञवल्क्यो ब्रह्मचर्याश्रमं समाप्य गृही भवेत्, गृही भूत्वा वनी भवेत्, वनी भूत्वा प्रव्रजेत्।** (जाबालोपनिषद् ४.१)

वैदिक जीवन-पद्धति वस्तुतः यज्ञमूलक है। आज भ्रमपूर्ण भौतिक विकास और अर्थोपार्जन के लिए मनुष्य जिस प्रकार वेदविरुद्ध आचरण में संलग्न है, उससे समस्त प्रकृति ही विकृति को प्राप्त हो चुकी है। यज्ञ के द्वारा पर्यावरण शुद्धि और यज्ञीय भावना से मनुष्य के सभी मनोविकारों का निदान सम्भव है। इसलिए शास्त्रकारों ने प्रत्येक गृहस्थ के लिए ब्रह्मयज्ञ, देवयज्ञ, पितृयज्ञ, अतिथियज्ञ और भूतयज्ञ का पालन अनिवार्य कर्म के रूप में निर्दिष्ट किया है। राजर्षि मनु का कथन है- **पञ्चैतांस्तु महायज्ञान् यथाशक्तिर्न हापयेत्।** प्रकृति जिस प्रकार निरन्तर यज्ञ में सलंग्न है, उसी प्रकार मनुष्य को भी चाहिए कि वह अपने जीवन को यज्ञमय बनाते हुए **स्वाहा** और **इदन्न मम** के सङ्कल्प के साथ परोपकार, सङ्गठन तथा दान की वैदिक भावना को सुदृढ़ करे। यह यज्ञ ही है जो सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का पोषक है- **अयं यज्ञो भुवनस्य नाभिः।**

आचार्य कौटिल्य के अनुसार जिस समाज में ये आर्य-मर्यादाएँ व्यवस्थित होती हैं, वर्ण और आश्रम नियमों का पालन होता है तथा जो त्रयी द्वारा विहित विधान से रक्षित हो, वह समाज कल्याण का भागी होता है, दुःख का नहीं -

व्यवस्थितार्यमर्यादः कृतवर्णाश्रमस्थितिः ।
त्र्य्या हि रक्षितो लोकः प्रसीदति न सीदति ॥

(अर्थशास्त्र १.३)

पावमानी के प्रस्तुत अङ्क में वैदिक जीवन-पद्धति पर आश्रित वैदिक विद्वानों के सारगर्भित शोध लेख प्रकाशित किए जा रहे हैं। यदि मानव-जाति स्वयं के साथ-साथ इस चराचर विश्व का कल्याण चाहती है तो उसे निश्चय ही वैषम्यरहित, शोषण मुक्त वैदिक जीवन-पद्धति को अपनाना ही होगा। तभी एक आदर्श परिवार, आदर्श समाज, आदर्श राष्ट्र और आदर्श विश्व का निर्माण सम्भव है।

समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः ।
समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासति ॥

(ऋग्वेद १०.१९१.४)

प्रो. सोमदेव शतांशु

अनुक्रमणिका

वैदिक यज्ञीय जीवन-पद्धति

डॉ. राकेश शास्त्री[१]

यज्ञ शब्द यज् धातु से घञ् प्रत्यय करके, निष्पन्न होता है, सिद्धान्तकौमुदीकार ने इसके देवपूजा, सङ्गतिकरण तथा दान अर्थों का उल्लेख किया है,[२] जिसका अर्थ है यज्ञ करने से देवताओं की पूजा, देवतुल्य विद्वानों का सान्निध्य तथा दक्षिणा रूप में दान देने का सौभाग्य प्राप्त होता है। आचार्य यास्क ने यज्ञ में देवपूजा के साथ यज्ञ में अपने आराध्य देव से याचना करना अर्थ भी लिया है।[३] वेदों में अनेक प्रकार के यज्ञों का उल्लेख हुआ है, जबकि ऐतरेय ब्राह्मण ने इनमें से प्रमुख पाँच का नामोल्लेख किया है- अग्निहोत्र, दर्शपौर्णमास, चातुर्मास्य, पशु तथा सोम।[४] इसी प्रकार धर्मसूत्रों ने ब्रह्मयज्ञ, पितृयज्ञ, देवयज्ञ, भूतयज्ञ एवं मनुष्ययज्ञ नामक पञ्च महायज्ञों का कथन किया है।[५] मत्स्य पुराण के

---

[१] **सेवानिवृत्त अध्यक्ष, संस्कृत-विभाग, श्री गोविन्द गुरु राजकीय महाविद्यालय, बाँसवाडा (राज.)**

[२] यज देवपूजासंगतिकरण- दानेषु- सिद्धान्तकौमुदी

[३] निरुक्त- ३/४/१९

[४] स एष यज्ञः पंचविधः- अग्निहोत्रम्, दर्शपूर्णमासौ चातुर्मास्यानि, पशुः सोमः इति। ऐ.ब्रा.

[५] मनुस्मृति- ७/३०

अनुसार- **जिस कर्म में देवता विशेष, हवनीय द्रव्य, वेद-मन्त्र, ऋत्विक् तथा दक्षिणा, इन पाँच का संयोग हो, उसे यज्ञ कहते हैं।**[६]

वेदों का सूक्ष्म अध्ययन करने पर हम देखते हैं कि वैदिक आर्यों की जीवन-पद्धति यज्ञमय थी। '**यज्ञो वै श्रेष्ठतमं कर्म**' इस सिद्धान्त के अनुसार यज्ञ ही सर्वश्रेष्ठ कर्म है, इसीलिए वे यज्ञ-कर्म को अपने जीवन में मुख्यता प्रदान करते थे। तैत्तिरीय संहिता यज्ञ द्वारा देवऋण से मुक्त होने की बात करती है।[७] यही कारण है कि यज्ञादि कार्यों को वे नियमितरूप से कर्तव्य भावना से करते थे। वेदों में अनेक स्थलों पर यज्ञ की महत्ता का उल्लेख किया गया है। ऋग्वेद में एक स्थल पर अग्नि को सम्बोधित करके कहा है कि जो व्यक्ति तुम्हारे लिए समिधा प्रदान करता है, वह निश्चय ही, उत्तम वीर्य को धारण करते हुए पुष्ट होता है।[८] इसी प्रकार अन्यत्र श्रेष्ठ प्रकार की समिधा आदि सामग्री से यज्ञ करने वालों के लिए धन, ऐश्वर्य तथा तेज के प्राप्त होने यहाँ तक कि अन्त में अमरत्व को प्राप्त करने की बात का उल्लेख हुआ है।[९]

ऋग्वेद,[१०] सामवेद[११] और अथर्ववेद[१२] का कहना है कि यज्ञ से ही सोम, वृद्धि को प्राप्त हुआ था। वैदिक आर्यों की मान्यता थी कि यज्ञ के

---

[६] देवानां द्रव्यहविषां ऋक्सामयजुषां तथा।
ऋत्विजां दक्षिणानां च संयोगो यज्ञ उच्यते। मत्स्य पुराण-१४४/४४

[७] तैत्तिरीय संहिता ६/३/१०/१३

[८] ऋग्वेद ३/१०/३

[९] ऋग्वेद ६/५/५

[१०] ऋग्वेद ८/१४/५

[११] सामवेद १/१२१, २/९८९

[१२] अथर्ववेद २०/२७/५

द्वारा व्यक्ति को सभी प्रकार के ऐश्वर्यों की प्राप्ति होती है।[१३] इसके अतिरिक्त अनेक स्थलों पर उल्लेख है कि यज्ञ के प्रभाव से व्यक्ति को हमेशा ही श्रेष्ठ लोगों के सत्संग तथा धन की प्राप्ति होती है।[१४]

इसी प्रकार ऋग्वेद के एक मन्त्र में कहा गया है कि जो लोग इन्द्र को हव्य प्रदान करके, उसकी स्तुति करते हैं या हव्य के साथ मन्त्रों का पाठ करते हैं, वे स्वराज प्राप्त करते हैं, साथ ही, अनेक प्रकार के फलों को प्रदान करने वाले इन्द्र उन्हीं के लिए आकाश से मेघ का वर्षण भी करते हैं।[१५] इसी प्रकार सोम देवता के लिए हव्य प्रदान करने पर यहाँ उन्हें गौ तथा तेज गति वाला घोड़ा प्रदान करने की बात का भी उल्लेख हुआ है।

इसी प्रसङ्ग में उल्लेखनीय यह भी है कि वेदों में यज्ञ के पश्चात् दक्षिणा देने के महत्त्व का भी स्पष्ट शब्दों में वर्णन किया गया है, तदनुसार- जो व्यक्ति यज्ञ के बाद दक्षिणा प्रदान करता है, उसी को मणि, मुक्ता आदि सभी वस्तुओं की प्राप्ति होती है तथा दक्षिणा देने वाले को ही द्युलोक में सूर्य, उसे जरामरण से रहित स्थान को प्राप्त कराते हैं।[१६] इसी प्रकार दक्षिणा न देने के कुफल की भी यहाँ पर विशेषरूप से चर्चा की गयी है।[१७]

वैदिक मान्यता है कि यज्ञ करने से पापों का क्षय होता है, इसीलिए वैदिक ऋषि पापों को दूर करने की प्रार्थना करता है।[१८] वस्तुस्थिति तो

[१३] वाजसनेयी संहिता २०/८४, सामवेद-१८९, मैत्रायणी संहिता-२/६/१२, ७२/४

[१४] वाज.सं. १२/२८, ऋग्वेद-१०/४५/११, तै.सं.-४/२/२/४, मैत्रा. सं.-२/७/९

[१५] ऋग्वेद १/५४/७

[१६] ऋग्वेद १/१२५/६

[१७] ऋग्वेद १/१२५, १०/१०७

[१८] ऋग्वेद १/१८५/२

यह है कि यज्ञादि कार्यों के माध्यम से व्यक्ति का जन्म सफल हो जाता है, यही उस समय के समाज में विश्वास था, इसीलिए वैदिक संस्कृति को यज्ञीय-संस्कृति की संज्ञा भी दी गयी है। यही कारण है कि यहाँ पर यज्ञ के द्वारा मनुष्य-जन्म को धौंकनी से लोहे के समान निर्मल करने की बात का भी एक स्थल पर कथन किया गया है।[१९] यज्ञ पूर्णरूप से अहिंसापूर्ण कर्म है इसीलिये इसका एक नाम अध्वर है।

इसी प्रकार ऋग्वेद के षष्ठ मण्डल में यज्ञ, स्तुति एवं स्तुति के साथ आहुति प्रदान करने वाले व्यक्ति को अभिलषित धनों को प्राप्त करने की बात का उल्लेख किया गया है।[२०] इसके अलावा इसी वेद में एक मन्त्र में कहा गया है कि अग्नि में समिधा के साथ आहुति प्रदान करने से इसकी परिचर्या करने वाला व्यक्ति अत्यधिक यशस्वी होता है एवं उसे देवकृत और मनुष्यकृत पाप व्याप्त नहीं करते हैं।[२१]

उल्लेखनीय है कि यह एक मनोवैज्ञानिक तथ्य भी है कि जिस भी देवता की हम स्तुति करते हैं, उसका निरन्तर ध्यान करते हैं, हमारी भावना भी उसी के अनुसार हो जाती है, वैदिक ऋषि इस बात से पूर्णरूप से परिचित थे, तभी तो उन्होंने ऋग्वेद आदि सभी वेदों तथा दूसरी संहिताओं में यज्ञ के महत्त्व तथा जीवन में उसकी आवश्यकता का प्रतिपादन किया है, जिसे उनके यज्ञीय जीवन-पद्धति का द्योतक माना जा सकता है। ऋग्वेद के एक मन्त्र में उपमा के माध्यम से अश्विनी देवता द्वारा यज्ञ करने वाले का मंगल करने की बात भी कही गयी है, इसलिए मंगल का दर्शन ही व्यक्ति को यज्ञादि शुभ कर्म करने के लिए प्रेरित

---

[१९] ऋग्वेद ४/२/१७

[२०] ऋग्वेद ६/१/९, २/५, ३/१, २, ५/७, ६/५, १३/४

[२१] ऋग्वेद १/१८५/२

करता है।[२२]

उपर्युक्त संक्षिप्त विवेचन के आधार पर निःसन्देह रूप से कहा जा सकता है कि वैदिककाल में व्यक्ति की जीवन-पद्धति पूर्णरूप से यज्ञमय थी, वह इसे अपने जीवन का अभिन्न अङ्ग मानता था एवं अपने जीवन में सभी प्रकार के धन एवं समृद्धि को प्राप्त करने के लिए, आध्यात्मिक उन्नति के लिए, अपने लोक तथा परलोक दोनों का सुधार करने के लिए वह अनेक प्रकार के यज्ञों का आयोजन करता था। यज्ञ में ऋत्विजादिकों को दक्षिणा प्रदान करने का भी विधान था, दक्षिणा के अभाव में यज्ञ की पूर्णता नहीं मानी जाती थी। विश्वजित् यज्ञ में तो व्यक्ति अपनी सभी वस्तुओं का पूर्णरूप से दान कर देता था, महाकवि कालिदास ने रघुवंश महाकाव्य के पञ्चम सर्ग में रघु द्वारा इसी प्रकार के यज्ञ को करने का उल्लेख किया है।

[२२] ऋग्वेद ८/२६/१३

वैदिक साहित्य और उसमें प्रवर्तित व्यावहारिक जीवन-पद्धति

डॉ. पंकज कुमार मिश्र[१]

वैदिक साहित्य भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का न्यासमात्र नहीं प्रत्युत प्राचीन भारत के नैतिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, आध्यात्मिक तथा ऐतिहासिक जीवन का सर्वांगीण चित्रण है। आज जब एषणाओं की विवेकहीन प्रतिस्पर्धा में मानवशक्ति विनाशसरित् के तट पर खड़ी है तब इस आसन्न विनाश से बचने के लिए विश्वप्रेम, विश्वबन्धुत्व, ग्लोबलाइजेशन, पर्यावरणप्रेम जैसी विचारधारा पर विमर्श तथाकथित प्रबुद्ध, वैश्विक मंचों पर करने लगे हैं। ऐसी स्थिति में इस विश्वप्रेम, विश्वबन्धुत्व तथा विश्वसंस्कृति के अधिकरण वैदिक साहित्य में प्रवर्तित जीवन पद्धति की समीक्षा, परीक्षा, अन्वीक्षा तथा परिवीक्षा की परम एवं चरम उपादेयता अभिव्यंजित होती है क्योंकि वैदिक साहित्य से ही भारतीय संस्कृति का वास्तविक ज्ञान होता है।

तव्यत, अनीयर् प्रत्यय या विधिलिङ् के द्वारा कथ्य, तथ्य तथा

---

[१] **एसोसिएट प्रोफ़ेसर, संस्कृत, सेंट स्टीफन्स कॉलेज, दिल्ली**

पथ्य को यहाँ जीवन पद्धति का तात्पर्य ग्रहण करने की अपेक्षा यह अर्थग्रहण किया जाए कि उस काल के लोगों के जीवन की क्रिया, प्रक्रिया और प्रतिक्रिया कैसी थी तो वेद, वैदिक साहित्य एवं वैदिक जीवन पद्धति को समझना सरल हो जाता है।

वेद में प्राचीन भारतीय समाज का वैविध्यपूर्ण चित्रण उपलब्ध होता है। समाज के विभिन्न मनुष्य किस प्रकार के कार्य किया करते थे; ज्ञानार्जन, रक्षण, अर्थोपार्जन तथा सेवाकार्य का विभाजन किस प्रकार किया गया था? समाज में अर्थव्यवस्था किस प्रकार की थी? व्यापार तथा वाणिज्य का क्या स्वरूप था? जीवन में कृषि, अन्न, पशु आदि का किस प्रकार और क्या उपयोग किया जाता था? आचार, विचार एवं संचार कैसे थे- इस सबका वर्णन वेदों में प्राप्त होना उस काल की जीवन पद्धति का आदर्श है। विवाहसूक्त, संवादसूक्त, अक्षसूक्त आदि अनेक सूक्तों से तत्कालीन सामाजिक आचरण, परम्पराओं और रीतियों पर पर्याप्त प्रकाश पड़ता है। सामाजिक दृष्टि से वर्णव्यवस्था, समाज एवं व्यक्ति का पारस्परिक सम्बन्ध, विभिन्न वर्गों के कर्त्तव्य, विवाह विधि, भोजन, परिधान, अलङ्कार आदि से सम्बद्ध प्रचुर सामग्री ऋग्वेद में वर्तमान है ।

प्राचीनकालिक जीवनदर्शन, शिष्टाचार, सदाचरण, श्रेय तथा प्रेय आदि वैदिक लोगों की जीवन शैली का सजीव चित्रण करता है। दार्शनिक दृष्टि से वैदिक साहित्य में सृष्टि-उत्पत्ति, ब्रह्म, जीव, माया का आवरण, बहुदेववाद एवं एकेश्वरवाद, पुर्नजन्म आदि का अत्यन्त गम्भीर विवेचन किया गया है। आर्थिक दृष्टि से भी ऋग्वेद एवं अथर्ववेद अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं क्योंकि इसमें कृषि, कृषि के उपकरण, अन्न, व्यापार-वाणिज्य, आजीविका के साधन, पशुपालन, अन्य उद्योग-धन्धे आदि का पर्याप्त वर्णन है। प्राचीनकालीन राजनीति का सुन्दर स्वरूप भी वेदों से

ज्ञात होता है। राजा का निर्वाचन, राजा और प्रजा के कर्त्तव्य, राज्यशासन, संघशासन, सभा और समिति, मन्त्रिमण्डल, विभिन्न नीति प्रयोग आदि राजनीति सम्बन्धी व्यवस्था एवं आचरण भी वेदों में उपलब्ध होता है।

वेदों में जिस समाजकल्याण की कामना प्रकट की गयी है उसमें सारी सृष्टि में समरसता का दर्शन करते हुए ऋषियों ने मनुष्य में भेदबुद्धि को निरस्त करने का भी संदेश दिया है। ऋग्वेद के संज्ञानसूक्त[२] समाज के सब मनुष्यों के लिए **संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्** अर्थात् तुम सब एकसाथ चलो, एकसाथ बोलो तथा तुम्हारे मन में एक से विचार हों की शुभ्रकामना करते हैं। मनुष्य और मनुष्य की समानता के विचार की इस सूक्त में जो अभिव्यक्ति हुई है वह विश्व के किसी भी समाज में दृष्टिगत नहीं है। तद्यथा-

समानो मन्त्रः समितिः समानी समानं मनः सह चित्तमेषाम् ।
समानं मन्त्रमभिमन्त्रये वः समानेन वो हविषा जुहोमि।[३]

किन्तु यदि ऐसी भावना से युक्त हो लोकमङ्गल और सामरस्य की बात वैदिक ऋषि प्रस्तुत करते हैं तो निस्सन्देह इसका अनुपालन भी होता होगा जो आज भी प्रवहमान है। समाज में यजुर्वेद में प्रतिपादित याज्ञिक विधिविधान के पीछे प्रतीकात्मक रूप में विश्व के कल्याण की भावना ही है। मनुष्य अपने मन के सङ्कल्प से सब कुछ पा सकता है- इस तथ्य को हृदयङ्गम कराते हुए ये विधि-विधान प्रतीकात्मक रूप में सङ्कल्प शक्ति की प्रतिष्ठा करते हैं।

---

[२]ऋ० १०/१९१

[३]ऋ० १०/१९१/४, अथर्व० ६/६४/२

मनुष्य और प्रकृति का इतना सहज और घनिष्ठ सम्बन्ध अन्य किसी काव्य में नहीं मिलता। कदाचित् कालिदास को अपने काव्यों में प्रकृति को प्रधान पात्र बनाने की प्रेरणा यहीं से मिली होगी।

गौ के विषय में ऋषि भरद्वाज कहते हैं-

यूयं गावो मेदयथा कृशं चिदश्रीरं चित् कृणुथा सुप्रतीकम्।
भद्रं गृहं कृणुथ भद्रवाचो बृहद्वो वय उच्यते सभासु॥[४]

अर्थात् हे गायो, तुम कृश को मोटा बना देती हो, श्रीविहीन को सुंदर बना देती हो। हे सुभाषिणी गौओ! हमारे घर को मङ्गलमय बनाओ। सभाओं में तुम्हारी प्रशंसा होती है। शकराज रुद्रदामा की भी प्रेरणा यही जीवन पद्धति रही होगी कि वे गोरक्षार्थ प्रवृत्त थे।

जीवन और जगत् के प्रति ऋषियों नदियों, पर्वतों, वनस्पतियों और अरण्यों सबमें ईश्वरतत्त्व की अंतर्व्याप्ति देखते हुए ये कवि समस्त चराचर सृष्टि को सामरस्य से ओतप्रोत देखते हैं। नदियों का यह सुन्दर रूप वैदिक कवियों की आँखों से ही देखा जा सकता है-

तमस्मेरा युवतयो युवानं मर्मृज्यमानाः परियन्त्यापः।
स शुक्रेभिः शिक्वभी रेवदस्मे दीदायानिध्मो धृतनिर्णिगप्सु॥[५]

अर्थात् उत्तम प्रकार का शृङ्गार करके ये लज्जाशील युवतियों जैसी नदियाँ उस अपांनपात् देव की सेवा में उपस्थित होती हैं। वह देवता अपने तेजस्वी व सामर्थ्यपूर्ण अङ्गों से जल का कञ्चुक धारण किये हुए बिना इंधन के इन नदियों के बीच हमारे लिए आभासित हो रहा है।

वेद और देव ये दोनों पर्याय ही हैं- ऐसा समझा जाना चाहिए।

---

[४] ऋ० ६/२८/६

[५] ऋ० २/३५/५

तदनुसार वैदिक साहित्य में प्रवर्तित जीवन पद्धति से वेद को पृथक् नहीं किया जा सकता। इस सन्दर्भ में यदि इस पर विमर्श करें तो हम पाते हैं कि वैदिक मनीषियों की दृष्टि में जीवन के तीन स्तर हैं- आधिभौतिक, आधिदैविक तथा आध्यात्मिक। ये तीनों स्तर परस्पर अनुस्यूत हैं। इनमें से कोई भी शेष दो के विना सम्भव नहीं है। प्रत्येक वस्तु के आधिभौतिक, आधिदैविक तथा आध्यात्मिक ये तीनों रूप होते हैं। देवों के उक्त तीनों रूप संभाव्य हैं। देवता और मनुष्य का सम्बन्ध अन्योन्याश्रित होता है। देवता के बिना मनुष्य नहीं और मनुष्य के बिना देवता नहीं। कदाचित् अन्य किसी संस्कृति में देवता की ऐसी मानवसापेक्ष परिकल्पना नहीं है। देवता और मनुष्य का यह परस्पर उपकार्योपकारकभावसम्बन्ध सम्पूर्ण सृष्टि के कल्याण के लिए परिकल्पित है। इस दृष्टि से यह कहना भी सही है कि मनुष्य स्वयं देवों का निवासस्थल है। ताण्ड्य ब्राह्मण (६/९/२) कहता है **नरो वै देवानां ग्रामः**।[६] मैत्रायणी संहिता (३/२/२) भी यही कहती है कि मनुष्य में ही सारे देवता निवास करते हैं- **विश्वे हीदं देवा स्मो यन्मनुष्यः**।

इसी प्रकार वैदिक देववाद में देवविषयक सर्वाधिक मौलिक चिंतन यह प्राप्त होता है कि देवों के मूल तत्त्व एक हैं। देवतत्त्व का आशय विविधता में एकता ही नहीं, एकता में विविधता भी है। सब कुछ एक मूल से निकला है। तद्यथा-

इन्द्रं मित्रं वरुणमग्निमाहुरथो दिव्यः सुपर्णो गरुत्मान्।
एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः॥[७]

---

[६]ताण्ड्य ब्रा० ६/९/२

[७]ऋ० १/१६४/४६

इसी प्रकार ऋग्वेद के आठवें मण्डल में कहा गया है-

एक एवाग्निर्बहुधा समिद्ध एकः सूर्यो विश्वमनुप्रभूतः।
एकैवोषाः सर्वमिदं विभाति एकं वा इदं विबभूव सर्वम्॥

अग्नि ही इन्द्र, वृषभ, उरुगाय, विष्णु, ब्रह्मा और ब्रह्मणस्पति भी है। अथर्ववेद में तो सारे देवों की मूलभूत एकता का विचार और भी सुस्पष्ट तथा सुदृढ़ रूप में अनेकत्र अभिव्यक्त किया गया है।

जब ऋषि ऐसे तथ्यों का प्रतिपादन करते हैं तो वैश्विक सन्देश के साथ-साथ अपनी उस अनुभूति के श्रम और साधना को भी दर्शाते हैं कि जीवन का परम व चरम लक्ष्य क्या है। इस संस्कृति में देवों के आवाहन, आराधन और ध्यान के द्वारा मनुष्य अपने आप को और अपने पर्यावरण को दिव्य स्वरूप दे देता है।

गयाचरण त्रिपाठी कहते हैं- "संसार के अन्य किसी भी देश में देवों के स्वरूप के विकास का सहस्रों वर्ष लम्बा इतिहास और देव-कथाओं के विकास की इतनी लम्बी परम्परा प्राप्त नहीं होती, जितनी भारत में। सहस्रों वर्षों पूर्व वैदिक ऋषियों की सूक्ष्म अंतर्दृष्टि, निरीक्षण-क्षमता एवं कल्पनाशक्ति ने जिन देवों की उद्भावना की थी, उनके स्वरूप का आने वाली पीढ़ी के हाथों क्रमशः परिवर्धन एवं परिवर्तन होता चला गया और एक चित्रात्मक वैविध्यपूर्ण तथा सजीव देवशास्त्र का जन्म हुआ।"

वैदिक संहिताओं में जिस यज्ञ का निरूपण है, वह केवल अनुष्ठान या कर्मकाण्ड नहीं है। वह अपने आपको देवमय या ईश्वरमय बनाने की प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया में मनुष्य अपने सीमित अहं की आहुति देकर विराट् से एकाकार हो जाता है। यज्ञीय आहुति इसी सीमित अहं के विसर्जन और समष्टि से जुड़ने की प्रतीक है। यज्ञ के द्वारा यजमान विश्व को सञ्चालित करने वाली शक्तियों से ऊर्जा की प्राप्ति करता है।

निम्नलिखित मंत्रों में शक्ति या तेजस्विता की कामना इसी प्रक्रिया को इंगित करती है -

ओ३म् तेजोऽसि तेजो मयि धेहि।
वीर्यमसि वीर्यं मयि देहि।
बलमसि बलं मयि देहि।
सहोऽसि सहो मयि धेहि।

यजुर्वेद के तीसवें अध्याय के अनुसार अश्वमेध आदि वैदिक यज्ञों में सूत की उपस्थिति आनुष्ठानिक रूप से अनिवार्य थी। सूत, शैलूष आदि की उपस्थिति नृत्त, गीत आदि के अनुष्ठानों के सम्पादन के लिए भी आवश्यक थी। वैदिक वाङ्मय में सूत के लिए रथकार शब्द भी प्रयुक्त है। ऋग्वेद में कारु (बढ़ई) शब्द का प्रयोग तो मिलता है, रथकार शब्द का नहीं। अथर्ववेद से सङ्केत मिलता है कि रथकार और कर्मार को समाज में महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त था। वैदिक यज्ञों में नृत्त, गीत, वादन आदि भी आनुष्ठानिक रूप से अनिवार्य अङ्ग रहे हैं। इन वर्णनों से यह अभिव्यक्त होता है कि वैदिक समाज में मानव जीवन से सम्बद्ध उपयोगिता के सारे साधन एवं साधाकों की व्यवस्था थी। जीवन की उपयोगिता का अध्यात्म के साथ समन्वय बिठाते हुए ही उस समाज की सारी पद्धतियाँ निर्धारित थीं।

उक्त आध्यात्मिक अथ च पारमार्थिक ज्ञान से यह भी ज्ञात होता होता है कि तत्कालीन समाज में भी लोग अल्पायु होते थे, रोगाधीन होते थे, तापत्रय के ताप में झुलसते थे। तभी तो तत्तत् रोग एवं उनकी चिकित्सा का भी उल्लेख प्राप्त होता है चाहे वह प्राकृतिक चिकित्सा हो या कृत्रिम। तदनुसार सूर्यकिरण चिकित्सा, वायु चिकित्सा, प्राणायाम चिकित्सा, अग्नि चिकत्सा, जल चिकित्सा, यज्ञ चिकित्सा, मानस

चिकित्सा, हस्तस्पर्श चिकित्सा आदि का अभिज्ञान अत्यन्त सरलता से किया जा सकता है। तद्यथा-

सूर्यचिकित्सा-

सूर्य हमें जीवन शक्ति एवं प्राण शक्ति देता है- **सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च** (ऋ. १.११५.१)। अथर्ववेद में उदीयमान सूर्य की महिमा का सुन्दर प्रतिपादन मिलता है। उदीयमान सूर्य सारे दोषों को दूर कर देता है। हृदयरोग को शान्त करता है। रक्त की अल्पता को दूर करता है।[८]

वायुचिकित्सा अथ वा प्राणायाम-

प्राणायाम यद्यपि योग से प्रादुर्भूत क्रिया है किन्तु वेदों में उपलब्ध इसके सन्दर्भ निस्सन्देह यह सिद्ध करते हैं कि अपने जीवन में स्फूर्ति और ऊर्जा भरने के लिए वायु को किस प्रकार नियंत्रित किया जाए और उससे क्या-क्या लाभ हो सकते हैं, इनका पूर्ण ज्ञान था तथा यह अभ्यास लोक जीवन में अनिवार्यतया प्रविष्ट हो चुका था। अथर्ववेद दो प्रकार के वायु का उल्लेख करता है। प्राणायाम भी श्वास की क्रियाओं से निष्पन्न होता है।

१. **श्वासक्रिया**- इस से शुद्ध वायु शरीर में प्रविष्ट होकर शरीर के आतंरिक विकार को शुद्ध करता है।

२. **निःश्वासक्रिया**- दूषित तत्त्व के अपसारण के कारण रिक्त स्थान में शुद्ध वायु वायु का सञ्चार होता है। यह प्राण वायु शरीर के रक्त को शुद्ध करता है। अपान वायु शरीर के दोष समूह को बाहर करता है। तद्यथा-

---

[८]अग्निर्मा गोप्ता परि पातु विश्वत उद्यन्त्सूर्यो नुदतां मृत्युपाशान्।
व्युच्छान्तीरुषसः पर्वता ध्रुवाः सहस्रं प्राणा मय्या यतन्ताम्॥ अथर्व० १७.१.३०॥

द्वाविमौ वातौ वात आ सिन्धोरा परावतः।
दक्षं ते अन्य आवातु व्यन्यो वातु यद् रपः॥[९]

अग्नि चिकित्सा-

अग्नि के द्वारा नीरोग होने के कई उपायों का निदर्शन है। यजुर्वेद में अग्नि को शीत की औषधि कहा गया है। **अग्निर्हिमस्य भेषजम्** (यजु. २३.१०) इसका निहितार्थ यह अवश्य ही लिया जा सकता है कि शीतनिवारण के लिए तथा शीतजन्य रोगों के शमन के लिये तत्कालीन समाज अग्निसेवन करते होंगे। ऋग्वेद तथा अथर्ववेद में अग्निसेवन का निर्देश है- **अग्निं च विश्वशम्भुवम्** (ऋ. १.२३.२०), **अग्निः कृणोतु भेषजम्** (अथर्व. ६.१०६.३)।

इसी प्रकार, अथर्ववेद में यह भी दृष्टान्त प्राप्त होता है कि अग्नि के प्रभाव से विषनाश होता है। सर्पदंश की चिकित्सा के लिए अग्नि का निर्देश प्राप्त होता है। सर्प के दंश से युक्त शरीर के अङ्ग में प्रतप्त लौह का स्पर्श कराया जाता था, यथा-

आरे अभूद् विषमरौद् विषे विषमप्रागपि।
अग्निर्विषं अहेर्निरधात् सोमो निरणयीत्।
दंष्टारमन्वगाद् विषमहिरमृत।[१०]

सर्प, विष, दंश, भेषज प्रभृति शब्दों के प्रयोग से यह स्पष्ट है कि कतिपय प्राकृतिक कष्टों में सर्प भयङ्कर भय रहा होगा। एतदर्थ उस काल के चिन्तकों ने अपने जीवन में ऐसी प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति अपनायी थी जो सहज, सरल एवं सफल थी।

---

[९]अथर्व. ४.१३.२

[१०]अथर्व. १०.४.२६

जल चिकित्सा-

वेद में वरुण को जलचिकित्सक के रूप में अभिव्यक्त किया गया है। रुद्र को ही प्रथम दैव्य भिषक् कहे जाने का उद्धरण प्राप्त होता है।[११] ऋग्वेद में यह वर्णन प्राप्त होता है कि जल में सारी ओषधियों के गुण हैं। जल से सारे रोगों की चिकित्सा संभव है-

अप्सु मे सोमो अब्रवीद् अन्तर्विश्वानि भेषजा।
अग्निं च विश्वशम्भुवमापश्च विश्वभेषजीः।।[१२]

यज्ञ चिकित्सा-

इस विषय में किसी भी प्रकार की विवेचना या विश्लेषण पिष्टपेषण होगा। इसके लिए यह कहना ही पर्याप्त होगा कि मानवीय जीवन पद्धति में यह व्यवस्था वाणी और अर्थ की तरह संपृक्त थी। इसके बिना उस काल की जीवन-पद्धति तो दूर उस काल को भी नहीं समझा जा सकता। मानव की इस समस्त व्यवस्था को इस तरह समझा जा सकता है कि यह इस प्रकार से सामाजिक व्यवस्था में व्याप्त थी जिस प्रकार दुग्ध में नीर।

मानस चिकित्सा-

चिकित्सा शास्त्र में मन की महत्ता का वर्णन प्राप्त होता है। यदि मन शुद्ध है तो रोग शोक आदि का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। अपवित्र मन रोगों का कारण बन जाता है। मैत्रायणी उपनिषद् यह स्पष्ट उद्घोषणा करती है कि मन ही सारे सुख दुःख का कारण है।[१३] अथर्ववेद में यह वर्णन प्राप्त होता है कि मन ही घोर दुःख एवं शान्ति को उत्पन्न करता है।

---

[११]यजु. १६.५

[१२]ऋ. १.२३.२०

[१३]मन एव मनुष्याणा कारणं बन्धमोक्षयोः, मैत्रायणी उपनिषद्, ४.११

मन की शुद्धि से ही सुख और शान्ति प्राप्त होती है। तद्यथा-

इदं यत् परमेष्ठिनं मनो वा ब्रह्मसंशितम्।
येनैव ससृजे घोरं तेनैव शान्तिरस्तु॥१९.९४

परवर्ती चिकित्सा-शास्त्र अष्टाङ्गहृदय में वाग्भट ने यह स्पष्ट किया है कि मन के शुद्ध एवं करुणायुक्त होने पर सारे ज्वरों का विनाश हो जाता है।[१४] बाद में तो यह मुहावरा ही चल पडा **कि मन चंगा तो कठौती गंगा**।

लोकमान्य तिलक ने तो आर्यत्व एवं हिन्दुत्व का लक्षण ही यही दिया था कि वेदों को प्रमाण माना जाए- **प्रामाण्यबुद्धिर्वेदेषु**। भारतीय संस्कृति के जितने भी मूल उपादान हैं, उन सब की स्रोतभूमि वैदिक साहित्य ही है। यज्ञ कर्म की पवित्रता और यज्ञ पर अटूट विश्वास, एकेश्वरवाद पर आस्था, निष्काम कर्म, संसार की क्षणभंगुरता, ईश्वर की सर्वव्यापकता, ज्ञान-कर्म एवं भक्ति का मञ्जुल समन्वय, पुरुषार्थ और जीवन का चरम लक्ष्य मोक्ष आदि सभी भारतीय संस्कृति के प्रमुख तत्त्वों का बोध वैदिक साहित्य से सुचारुरूपेण हो जाता है और उच्छलजलधितरङ्गवत् यदि इनका निदर्शन इस वैदिक साहित्य में प्रवर्तित है तो निस्सन्देह यह वह जीवन पद्धति है जिसका अनुसरण कर हम विश्ववन्द्य कहलाते हैं।

तभी तो छलछद्मपरिच्छदाच्छन्न मैक्समूलर को भी मानना पड़ा कि- "संसार के इतिहास में उस रिक्त स्थान की पूर्ति वेद ने की है, जिसकी पूर्ति किसी भी भाषा की कोई भी साहित्यिक कृति नहीं कर सकती थी। यह हमें उस युग में ले जाता है, जिसका कहीं भी कोई भी साक्ष्य नहीं

---

[१४]करुणार्द्रं मनः शुद्धं सर्वज्वरविनाशनम्, १.१७३

मिलता, और यह हमें सीधा उन लोगों की पीढ़ी तक पहुँचा देता है, जिसका वेद के बिना अनिश्चित-सा चित्रण हम केवल कल्पना और अनुमान के बल पर कर सकते थे। जब तक मानव अपनी जाति के इतिहास में रुचि लेता रहेगा, और जब तक वह पुस्तकालयों तथा संग्रहालयों में पूर्व युगों के अवशेष एकत्र करता रहेगा तब तक मानव की आर्यशाखा से संबद्ध अभिलेखों से युक्त ग्रंथों की लम्बी पंक्ति में सबसे प्रथम स्थान सदा ऋग्वेद का ही रहेगा।"

अस्तु जीवन एवं जगत् की कोई भी ऐसी पद्धति नहीं है जिसका मूल वेद में व्याप्त न हो, इसीलिये कहा जाता है कि- **सर्वज्ञानमयो हि सः**। मानवीय जीवन पद्धति अथ च मानव के व्यावहारिक जीवन पद्धति में जो कुछ भी सत्य है शिव है और सुन्दर है उसका मूल वेद है। वस्तुत: यह वेद एवं वैदिक साहित्य है जिन्होंने भारतीय संस्कृति में जीवन एवं जीवन के प्रति सार्थक दृष्टि दी। जीवन को सुन्दर बनाने वाला प्रत्येक विचार मानो वेद है तथा उन विचारों का उपजीव्य भी वेद ही है।

परमार्थप्रधाना जीवनपद्धतिः

डॉ. विजयलक्ष्मीः[१]

आदौ तावत् विचारयामः कः परमः, कश्चार्थः। परं परत्वं माति-सपरमः (आतोऽनुपसर्गे कः[२] इति कः प्रत्यये) अर्थात् उत्कृष्टः, प्रधानः, आद्यः। प्रणवः, ओङ्कारो वापि परमस्य अर्थत्वेन अङ्गीकृतः। परमः चासौ अर्थः=परमार्थः। अमरकोशे[३] **द्रव्य-वित्त-स्वापतेय-रिक्थ-ऋक्थ-धन-वसु-हिरण्य-द्रविण-द्युम्न-अर्थ-रै-विभव-ग्रन्थ-साधनानि** अर्थपदस्य समानार्थकानि स्वीकृतानि, तथा च तत्रैव-**अर्थोऽभिधेयैरवस्तुप्रयोजननिवृत्तिषु।**[४] वाचस्पत्याभिधेये कोशे अर्थस्य प्रयोजननामकं पर्यायं स्पष्टीकुर्वता लिखितम्- **प्रयोजनं यद्यपि नानाविधम् तथापि शास्त्रकारैः प्राधान्येन धर्मार्थकाममोक्षरूपाणि चत्वार्येवाङ्गीकृतानि तत्रैव सर्वप्रयोजनानामन्तर्भावात्। त एव चत्वारः पुरुषार्थाः पुरुषेणेष्यमाणत्वात्। साङ्ख्यास्तु सर्गापवर्गात्मकं द्विविधं पुरुषार्थमाहुः पुरुषस्य प्रयोजनमुद्दिश्य प्रकृतेः प्रवर्तनात्। एवं चतुर्विधे**

---

[१] **आचार्या, संस्कृतविभागे, सनातन-धर्म-महाविद्यालयस्य, मुजफ्फरनगरे।**

[२] अष्टाध्यायी ३.२.४

[३] अमरकोशः२.९.९०

[४] तदेव ३.३.८६

द्विविधे वा पुरुषार्थे मतभेदेन स्थितेषु मध्ये मोक्ष एव परमपुरुषार्थः। एवं **परमार्थप्रधाना जीवनपद्धतिः** शीर्षकस्यास्याभिप्रायो वर्तते **मोक्षप्रधाना अर्थात् सुखप्रधानत्वेन आनन्दं प्रति उन्मुखी जीवनपद्धतिः।** किं तावत् मोक्षः? केन मोक्षः? कस्य मोक्षः? जिज्ञासा इमाः समादधता प्रोक्तं शब्दकल्पद्रुमकारेण- **मोक्ष्यते दुःखमनेन मोक्षः**। अथ च दुःखं किम्? **रजसस्तु फलं दुःखम्**। राजसस्य कर्मण (सकामकर्मणः) इत्यर्थः। कर्माधिकारात् फलमपि दुःखम् एव कारणानुरूप्याद् राजस एव।[५] कस्य मोक्ष इत्युक्ते आत्मनः, अन्तःकरणस्य, इन्द्रियाणां, शरीरस्य च। परमार्थः पुरोहितश्च, द्वावपि अन्योन्यं पूरयतः, कथमिति चेद् विमृशामः। **अग्निमीळे पुरोहितं यज्ञस्य...** मन्त्रेऽस्मिन्नुन्नतिं प्रति नीयमानस्य परमात्मनः एकं वैशिष्ट्यं पुरोहितमपि मतम्। महाभारते एकः श्लोकः आयाति यत्र भीष्ममुखेन सूचयति व्यासो यत् उदारता-अहिंसादयः गुणाः मानवं पुरोहितरूपे परिवर्तयन्ति स्थापयन्ति च। तद्यथा-

अनृशंसाः सत्यवाक्या अकुसीदा अथर्जवः।
अद्रोहोऽनभिमानश्च ह्रीस्तितिक्षा दमः शमः।
यस्मिन्नेतानि दृश्यन्ते स पुरोहित उच्यते।[६]

पुरोहितः अर्थात् यो हितं पूर्वमेव, प्रथममेव, आदावेव पश्यति, विचारयति, धारयति च। मानवजीवनस्य प्रधानतममुद्देश्यं निर्गतनिखिलकल्मषतया नितान्तनिर्मलमन्तःकरणमात्मानञ्च सम्पादयन् अकामकर्मभिः परमार्थप्राप्तिः। परमार्थस्य दिशमवबोधयन् महाभारतकारः कथयति- **अहिंसकः, सत्यपालकः, शुद्धवित्तः, सरलः,**[७]

---

[५] गीता १४.१६ शाङ्करभाष्यम्।

[६] शान्तिपर्व७९.४,५

[७] तदेव ७९.२१ सर्वं जिह्मं मृत्युपदमार्जवं ब्रह्मणः पदम्।

द्रोहरहितः,[८] **निरभिमानी, सहनशीलः, संयमिजनः** जीवने सुखमाप्नोति। शान्तिपर्वणि त्रिषष्ट्यधिकशततमेऽध्याये कामक्रोधादीनां त्रयोदशदोषाणां निरूपणं विधाय तेषां दोषाणां निवारणोपायाः निर्दिष्टाः। गीतायाः षोडशतमेऽध्याये भगवता कृष्णेन **दैवीसम्पत्** निर्दिष्टा। तत्र-

अभयं सत्त्वसंशुद्धिर्ज्ञानयोगव्यवस्थितिः।
दानं दमश्च यज्ञश्च स्वाध्यायस्तप आर्जवम्।
अहिंसा सत्यमक्रोधस्त्यागः शान्तिरपैशुनम्।
दयाभूतेष्वलोलुप्त्वं मार्दवं ह्रीरचापलम्।
तेजः क्षमा धृतिः शौचमद्रोहो नातिमानिता। चैते गुणाः जनं दोषैः मोक्षयन्परमार्थसोपानमारोहयन्ति इतिविज्ञापितम्। परमार्थप्रधानाय जीवनायातीवसरलं सूत्रं सूत्रितं सहजस्वान्तेन साधुना हिन्दीभाषायाम्-

चाह गई चिन्ता मिटी मनवा बेपरवाह।
जिनको कछु न चाहिए वे शाहन के शाह।

मण्डलब्राह्मणोपनिषदि समीचीनमुक्तम्- **यस्य सङ्कल्पनाशः स्यात्तस्य मुक्तिः करे स्थिता।**[९] सङ्कल्पेनात्र कामना, इच्छार्थोऽभिप्रेतः।

परमार्थावाप्तेः अस्मिन् प्रसङ्गे यक्षप्रश्नोऽयमुदेति यदुद्देश्यं तु उद्दिष्टं किन्तु अस्य क्रियान्वयनं केन प्रकारेण कुर्याज्जनः। अथ च संसारदावदहनेन दन्दह्यमानो देहो देही च दावाग्निनानेन निर्दहनं कथमाप्नुयात्, उत्तररूपेण कथयितुं शक्यते– शास्त्राण्यधीत्य, विश्लेष्य,

---

[८] तदेव १६२.२१ अद्रोहः सर्वभूतेषु कर्मणा मनसा गिरा। अनुग्रहश्च दानं च सतां धर्मः सनातनम्।

[९] मण्डलब्राह्मणोपनिषद् २.३ अपि च-सङ्कल्पादिकं मनो बन्धहेतुः। तद्वियुक्तं मनो मोक्षाय भवति। (तदेव २.४)। अथ च ब्रह्मबिन्दूपनिषदि प्रथमःश्लोकः - मनो हि द्विविधं प्रोक्तं शुद्धं चाशुद्धमेव च। अशुद्धं कामसङ्कल्पं शुद्धं कामविवर्जितम्।

आलोच्य, आलोड्य, विचार्य, अवधार्य च। शास्त्रेषु वर्णितान् विधीन् आदाय एकः प्रश्नः यदा कदाचित् चित्ते आयाति यदनेन विधानेन एवं फलं लभते, लोभरहितो भवति, पूर्णकामो जायते, परमं पदं प्राप्नोति कर्ता, इत्थं विधानं तु शास्त्रेषु सर्वत्र विहितं किन्तु कथितस्य विधेः व्यवहारे, कर्मणि, क्रियारूपे विनियमनं कथं स्यात्, अयं बोधः न पठनेन, न च श्रवणेन, नापि च स्मरणेन भवति। विधयस्तु विस्तरेण वर्णिता वर्तन्ते विद्वद्भिः विपश्चद्भिः विविधेषु वैदिक-लौकिकविधानेषु। यथा-

उद्धरेदात्मनात्मानं नात्मानमवसादयेत्।
आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः।[१०]

इत आरभ्य-

आत्मौपम्येनसर्वत्र समं पश्यति योऽर्जुन।
सुखं वा यदि वा दुःखं स योगी परमो मतः।[११]

उपदेशोऽयं सर्वथा ग्राह्यो, मान्यो, धार्यश्च वर्तते, नास्त्यत्र संशीतिलेशोऽपि। परं केन विधिना इमां परमामवस्थां साधकः समुपलभेत इति विशिष्टा विचिकित्सा अवशिष्टा भवति तत्र। एतादृशेषु नैकेषु स्थलेषु तत्सूत्रं तद्विधिः कथं न स्पष्टीकृतं लेखकैः, प्रादुर्भूतायामस्यां जिज्ञासायां निरुक्तकारस्य समाधानं दृष्टिपथमायाति, तद्यथा- **साक्षात्कृतधर्माण ऋषयो बभूवुः। तेऽवरेभ्योऽसाक्षात्कृतधर्मभ्य उपदेशेन मन्त्रान् सम्प्रादुः। उपदेशाय ग्लायन्तोऽवरे बिल्वग्रहणायेमं ग्रन्थं समाम्निषुः।**[१२] आचार्यवरेण यास्केनात्रैका ज्ञानपरम्परा निर्दिष्टा, (गीतोपदेशविषये तु अयमपि लाभो यत्तत्र स्पष्टाया अस्पष्टायाः संभावना न्यूनैवासीत् यतो हि

---

[१०] गीता ६.५

[११] तदेव ६.३२

[१२] निरुक्तम् १.२०

वक्ता श्रोता च अभिमुखमेवास्ताम्)। निरुक्तक्रमं विमृशामश्चेदध्येतृणां योग्यता क्रमशः क्षीणा जाता, अध्यात्मविषये तु प्रायशः समाप्तैव। साम्प्रतिकस्य संसारस्य स्थितिः तु सर्वथा सांसारिकी, प्रायशः जनाः सर्वात्मना सुखसंसाधनमानसम्मानार्जननिरता एव जीवनं यापयन्ति, समापयन्ति च। धर्मनाम्ना किमपि चिन्तनं भवत्यपि परम् आध्यात्मविषयकम्, आत्मविषयकं वा चिन्तनं विरलमेव। जगतो जनसङ्ख्यां निभालयामश्चेदत्र कति जना अध्यात्ममार्गमार्गणे नितरां तत्पराः, कनिष्ठिकायामेव सा सङ्ख्या अवसिता तिष्ठति। अतः शास्त्राणाम् एतादृशेषु स्थलेषु न शास्त्रकारस्य कोऽपि दोषः, अस्माकं निष्ठा यस्मिन् विषये यथा यावती भवति तथैव तावती प्राप्तिरिति प्राकृतिको नियमः। योगदर्शनकारस्य मुनेः पतञ्जलेः मतमत्र प्रमाणभूतं प्रेरणाप्रदञ्च प्रतिभाति पठकानां पाठकानां कृते। उक्तञ्च तेन- **तीव्रसंवेगानामासन्नः।**[१३]

परमार्थपराय जीवनाय गीताकारेण सप्तविंशतिः गुणगणाः परिगणिताः। तेषु प्रथमतया आयाति- **अभयम्।** अहिंसक एव अभयो भवितुमर्हति। योऽन्यान् मनसा, वाचा, कर्मणा न भाययति स एव अभयत्वमाप्नोति। अथ च शुद्धतया व्यवहरति, आत्मनः ज्ञानं वर्धयति, परच्छिद्रान् न पश्यति। सत्य-स्वाध्याय-मृदुता-एकाग्रतादिगुणान् धारयति, एतादृशः तापसः क्रमशः योगमार्गे वृद्धिमुपैति। योगदर्शनं तथाविधो ग्रन्थो ग्रथितो मुनिना यत्र साक्षात् फलमपि विधयोऽपि अर्थात् कार्यकारणद्वयमपि निर्दिष्टमाचार्येण। यथा-**तपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि क्रियायोगः।**[१४] सूत्रस्यास्य व्याख्याने तपसः, स्वाध्यायस्य, ईश्वरप्रणिधानस्य स्वरूपम् आवश्यकताञ्च तापसाय प्रतिपादयता भगवता

---

[१३] योगदर्शनम् १.२१

[१४] तदेव २.१

भाष्यकारेण व्यासेनावादि- **नातपस्विनो योगः सिध्यति। अनादिकर्मक्लेशवासनाचित्रा प्रत्युपस्थितविषयजाला चाशुद्धिर्नान्तरेण तपः संभेदमापद्यत इति तपस उपादानम्, तच्च चित्तप्रसादनमबाधमानमनेनासेव्यमिति मन्यते। स्वाध्यायः प्रणवादिपवित्राणां जपः मोक्षशास्त्राध्ययनं वा। ईश्वरप्रणिधानं सर्वक्रियाणां परमगुरावर्पणं तत्फलसंन्यासो वा।**[१५] वस्तुतस्तु आदित एव पतञ्जलिमुनिना परमार्थप्रधानां, कैवल्यपरां जीवनपद्धतिं ज्ञापयता सर्वेषां साधकानां साधनामार्गे संभाव्यमानानामपायानां तथा तेषां निराकरणाय क्रियमाणानामुपायानां निर्देशनं सुविस्तरेण विहितम्।[१६] यो जनः सर्वथा लौकिके जीवने, तर्काधारिते विषय एव विश्वसिति, **अहिंसा** तस्यापि कृते अपरिहार्या। परमार्थपरेषु वैदिकसाधनाविधिषु तु अहिंसायाः महन्महत्त्वमुदीरितम्,[१७] तद्यथा- **तत्राहिंसा सर्वथा सर्वदा सर्वभूतानामनभिद्रोहः। उत्तरे च यमनियमास्तन्मूलास्तत्सिद्धिपरतया तत्प्रतिपादनाय प्रतिपाद्यन्ते, तदवदातकरणायैवोपादीयन्ते।**[१८] महाभारतमपि सन्दिशति- **अहिंस्रः सर्वभूतानाम्।**[१९] किं स्वरूपं अहिंसायाः, या खलु परमार्थप्राप्तये प्रधानतमं प्रत्ययम्। (Monier

---

[१५] तदेव २.१ सूत्रस्य भाष्यम्

[१६]योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः १.१ सूत्रेऽस्मिन् को योग इति ज्ञापितम्। चित्तवृत्तिनिरोधेन को लाभो योगिने, कथयति- तदा द्रष्टुः स्वरूपेऽवस्थानम्। अथ च येषां चित्तवृत्तयो निरुद्धाः न भवन्ति, तेषा का स्थितिः, तत्रोक्तम्-वृत्तिसारुप्यमितरत्र(१.४)। एवमेव सम्पूर्णा कृतिरियमनुपमासाधनासोपानसाधिका साधकाय।

[१७] शान्तिपर्व ३५.३७ अहिंस्रः मन्दकोऽजल्पो मुच्यते सर्वकिल्विषैः। (ख) तदेव ७९.६ अहिंसको ज्ञानतृप्तः स ब्रह्मासनमर्हति।

[१८] योगदर्शनम् २.३० सूत्रस्य भाष्यम्।

[१९] शान्तिपर्व २३६.३९

Williamऽ हेतुपदं विशदीकुर्वता प्रत्ययस्यार्थः करोति (primary cause) हरिहरानन्द-अरण्यवर्याः का अहिंसेति ज्ञापयन् लिखन्ति- **श्रुति कहती है – मा हिंस्यात् सर्वा (सर्वाणि) भूतानि**। केवल प्राणिपीड़ा को त्यागना ही अहिंसा नहीं है, परन्तु प्राणियों के प्रति मैत्री आदि सद्भाव का पोषण भी है। सर्वथा बाह्यविषयक स्वार्थपरता न त्यागने से अहिंसा का आचरण संभव नहीं होता। दूसरे के मांस से अपने शरीर के पोषण-तोषण की इच्छा हिंसा का प्रधान निदान है और यह निश्चित है कि बाहरी सुख खोजने से दूसरों को पीड़ा देना अवश्यंभावी होता है। अन्यों को डराना, परुष वाक्यों से मर्म छेदना इत्यादि सभी कर्म हिंसा हैं। सत्यादि द्वारा लोभद्वेषादिस्वार्थपरतामूलक वृत्तियां क्षीण होती रहती हैं, इसलिए अन्य सब यम तथा नियमों का अनुष्ठान अहिंसा को ही निर्मल करता है।[२०] न केवलमन्येषां प्राणिनां मनसा, वाचा, कर्मणा कष्टप्रदानं हिंसा अपितु नैजैः कामक्रोधलोभमोहेर्ष्याहङ्कारादिविकारैः जाता हानिरपिहिंसा, यस्याः प्रत्यक्षमनुभूतिश्च सर्वैः क्रियत एव। अत्याहारोऽपि हिंसा, निराहारोऽपि पुरुषो हिंसको मतः। यथायं स्वकीयां हिंसां करोति तथैव समाजायापि हिंसाप्रदं भवति अतिपरस्य तापसस्याचरणम्। ईर्ष्यालुरपि समाजस्य स्वस्य च महतीं हिंसां कुरुते। समाजे धार्मिका अपि, विद्वांस अपि ईर्ष्या-अहङ्कारादिविकारैः अभिभूयमाना अवलोक्यन्ते, अतः सूक्ष्मतया विचार्यमाणे तेऽपि हिंसकाः। विश्वस्मिन् विश्वे व्याप्तानां विविधानाम् आधिव्याधीनां हिंसापि अन्यतमं कारणम्।

परमार्थस्य तपस आधारभूताम्[२१] अहिंसां कथं धारयेज्जनः?

---

[२०] पातञ्जलयोगदर्शनम्, श्रीमत् हरिहरानन्द-आरण्यः, पृ. २४४। मोतीलाल बनारसीदास, आठवां पुनर्मुद्रण, दिल्ली २०१४.

[२१] शान्तिपर्व ७९.१८ अहिंसा सत्यवचनमानृशंस्यं दमो घृणा (कारुण्यम्, करुणा, घृणा,

ईशावास्योपनिषद् दृशा समाधानमस्ति – **यस्मिन्त्सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूद्विजानतः। तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः।**[२२] परमात्मानं जानन् अनुभवन् पुरुषः सर्वत्र अर्थात् चराचरात्मके आत्मानमनुभवति, स्व-परभेदेन विरहित आत्मा अखिले ब्रह्माण्डे अखण्डतामेकतामवलोकयति। अतः स न कमपि हिंसति, यो हि आत्मना, अन्तःकरणेन, वपुषा चराचरात्मकं प्रेम्णा विलोकयति व्यवहरति च तस्यापि प्रियं करोति प्रकृतिः। तथ्यमेवोक्तम्- **यो वै भूमा तत् सुखम्, नाल्पे सुखमस्ति।**[२३] अर्थात्सङ्कुचिते स्वान्ते सुखसम्भावनापि स्वल्पा सञ्जायते, अपरिमिते अपरिमित आनन्दाकूपारः प्रवहति। परिणामरूपेण मोहात् शोकात् च निर्गच्छन्परं पारं प्रयाति प्रणिधानपरः। परमात्मनः व्याप्तौ निर्विकारतैव हेतुभूता। अपरतश्च परमात्मस्वरूपमजानन् जनः प्रियजनवियोगकाले मोहकारणात् शोकसागरे निमज्जति, अर्जुनमुदाहरणरूपेण प्रस्तूयता गीताकारेण सम्यगुद्बोधिताः लोकाः मोहजन्येन दुष्परिणामेण। मोहतमसावृत अर्जुनः-

गाण्डीवं स्रंसते हस्तात्त्वक् चैव परिदह्यते।
न च शक्नोम्यवस्थातुं भ्रमतीव च मे मनः।
यदि मामप्रतीकारमशस्त्रं शास्त्रपाणयः।
धार्तराष्ट्रा रणे हन्युस्तन्मे क्षेमतरं भवेत्।
एवमुक्त्वार्जुनः सङ्ख्ये रथोपस्थ उपाविशत्।
विसृज्य सशरं चापं शोकसंविग्नमानसः।[२४]

कृपा, दया)। एतत् तपो विदुर्धीरा न शरीरस्य शोषणम्।

[२२] ईशावास्योपनिषद् ७तमः मन्त्रः।

[२३] छान्दोग्योपनिषद् ७.२३.१

[२४] गीता १.३०,४६,४७

एतावान् विषण्ण उद्विग्नः आकुलश्चासीत्, स अर्जुनः तस्मिन्नेव रणशिरसि तमेव स्वसखास्वरूपं गुरुं कृष्णं विनिर्गते मोहान्धकारे अवाप्ते ज्ञानचक्षुषी निवेदयति-

नष्टो मोहः स्मृतिर्लब्धा त्वत्प्रासादान् मयाच्युत।
स्थितोऽस्मि गतसन्देहः करिष्ये वचनं तव।[२५]

प्रकरणेनानेन ज्ञायते यदि मोहो महद्दुःखस्य कारणम् किन्तु यदि परमेशकृपया कस्यापि पुण्यपुरुषस्य केनापि विधिना मोहनिवृत्तिर्जायेत तदा स उत्तमं सुखं निर्भारताञ्चानुभवति।

प्रकरणेऽस्मिन् **द्वितीयाद् वै भयं जायते**[२६] इति यदुच्यते तद् विचारणीयं खलु। विचारवान् जनो यदा हिंसारहितो भवति तदा विगतभयोऽपि जायते। अवधेयमत्र **विवेकी, प्रज्ञावान्, मननशील** एव हिंसाकर्मभिः विरतस्तिष्ठति न तु अविवेकी। खलास्तु निष्कारणमपि विनोदार्थमपि व्यथन्ति विश्वम्। यतो हि चौराः, अन्यायिनः, व्यभिचारिणः, स्वार्थसंलग्नाः अविवेकिनः मानवाः लोके कदाचित् निर्भयास्तु दृश्यन्ते, अभया तु नैव भवितुमर्हन्ति ते। परमार्थप्रधानां जीवनपद्धतिमनुस्रियमाणा अभयं लभन्ते, यतो हि निर्भयत्वं अन्तःकरणस्य योग्यता परम् अभयता आत्मनो गुणः। मनसि कदाचित् विकृतिर्जायेत सज्जनस्यापि किन्तु आत्मनि समायाता सम्पद् सरलतया वैपरीत्यं नैव भजते। मानवः कथमनुभवेत् अखण्डे ब्रह्माण्डे भ्रातृभावनाम्? परमात्मनः पावनीं प्रेमपरम्पराम्? उच्यते। विपश्चिद्भिः मनीषीभिः स्वानुभूतिभिरवाप्तममृतमस्माकं शरणम्। योगदर्शनस्य साधनाभिधेयो द्वितीयः पादः सर्वेषां साधनाप्रवेशोत्सुकानां सामान्यानां सामाजिकानां

---

[२५] तदेव १८.७३

[२६] बृहदारण्यकोपनिषद् १.४.२

साधकानाञ्च कृते कृतः आचार्येण। तत्रादौ तपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि क्रियायोग इति सूत्रं समुपस्थापयता तेन प्रबोधिताः तापसाः यज्जन्मजन्मान्तरैः दृढीभूतानां वासनानां विकाराणां भेदनाय छेदनाय निरसनाय अपाकरणाय तपः आवश्यकम्। तप अर्थात् संयमः, जागरूकता। तप इदं वाचा, मनसा, कर्मणा विधेयम्। असत्यं, पारुष्यम्, वाचालतादयः वाङ्मलाः वाक्तपसा दूरीभवन्ति। कामक्रोधलोभमोहभयेर्ष्याहङ्कारभयादीनि जागरूकेण स्वान्तेन, स्वाध्यायेन चापाकर्तुं शक्यन्ते। ईश्वरप्रणिधानं तु सर्वासां साधनानां शिरस्थानीयमेव। गीतामते ज्ञानेन- स्वाध्यायेन, ईश्वरप्रणिधानेन च अपुनरावृत्तिमवाप्नोति जनः।[२७] योगदर्शनकारमते तु केवलम् ईश्वरप्रणिधानेनापि समाधिसिद्धिर्भवितुमर्हति।[२८] ईश्वरप्रणिधानेन स्वरूपाधिगमः कथं भवतीति ज्ञापयति हरिहरानन्द-आरण्यमहाभागाः- **ईश्वर अविद्यादिशून्य, स्वरूपस्थ, चित्प्रतिष्ठ है, ऐसी भावना करते करते इन वाक्यार्थों का प्रकृत बोध होता है। स्वसंवेद्य पदार्थ का प्रकृत बोध होने का अर्थ है- स्वयं वैसा हो जाना।**[२९] महाभारतकारेण ईश्वरप्रणिधानेनाधिगतपरमार्थानां विषये निगदितम्- **परमात्मानमासाद्य तद्भूतायतनामलाः। अमृतत्वाय कल्पन्ते न निवर्तन्ति वा प्रभो। परमा सा गतिः पार्थ निर्द्वन्द्वानां महात्मनाम्। सत्यार्जवरतानां वै सर्वभूतदयावताम्।**[३०]

---

[२७] गीता ५.१७

[२८] योगदर्शनम् २.४५ समाधिसिद्धिरीश्वरप्रणिधानात्

[२९] पातञ्जलयोगदर्शनम्, पृ. ९० (२९(९)

[३०] शान्तिपर्व ३०१.७८,७९ (ख) समीचीनमभिहितं भगवता व्यासेन-निर्ममश्चानहङ्कारो निर्द्वन्द्वश्छिन्नसंशयः। नैव क्रुध्यति न द्वेष्टि नानृता भाषते गिरः। आक्रुष्टस्ताडितश्चैव मैत्रेण

क्रियायोगः सम्यगाचरितम्भवति चेदनेन समाधिलाभो भवति, जीवानां जन्ममृत्योराधारभूताः अविद्यास्मितारागद्वेषाभिनिवेशाख्याः क्लेशाः क्षीणतामायान्ति। अस्मिता अर्थात् अहं विद्वान्, शक्तिमान् एवम् अहंता,[३१] रागेणाशयो विद्यते- सुखस्य रागस्य अनुशयः अर्थात् संस्काररूपेण स्थितिः, लोभवशेन, तृष्णाभिभूतेन मनसा विषयप्राप्तेरभिलाषा[३२]। विगतदुःखेषु, दुःखकारणेषु पौनःपुन्येन स्मृतिपूर्वकं प्रतिघातेच्छा, मन्युः, हन्तुमिच्छा, क्रोधो वा द्वेषः[३३]। ज्ञानिष्वज्ञानिषु समानरूपेण विद्यमानं मरणभयम् अभिनिवेशः। एते चत्वारः क्लेशा अविद्याक्लेशकारणाद् जायन्ते।[३४] जगत्यां जगति

ध्याति नाशुभम्। वाग्दण्डकर्ममनसां त्रयाणां च निवर्तकः। समः सर्वेषु भूतेषु ब्रह्माणमभिवर्तते। नैवेच्छति न चानिच्छो यात्रामात्रव्यवस्थितः। तदेव २३६.३४,३५,३६।

[३१] तदेव १३.४ अस्मिता तु साक्षात् मृत्युरेव। द्यक्षरस्तु भवेन्मृत्युस्त्र्यक्षरं ब्रह्म शाश्वतम्। ममेति च भवेन्मृत्युर्न ममेति च शाश्वतम्।

[३२] हरिहरानन्दवर्यैः बहूपयोगि ग्राह्यञ्चोक्तं रागं विवेचयता- राग होने पर बिना वश के अथावा बिना जाने ही इच्छा, इन्द्रिय तथा विषय की ओर चली जाती है। इच्छा को ज्ञानपूर्वक संयत करने का सामर्थ्य नहीं रहती है। अतः राग अज्ञान या विपरीत ज्ञान है। इसी से आत्मा इन्द्रिय तथा विषय के साथ सम्बद्ध होता है। अनात्मभूत इन्द्रिय में स्थित सुख संस्कार के साथ निर्लिप्त आत्मा की आबद्धता का ज्ञान ही विपरीत ज्ञान है। इसके अतिरिक्त बुरे को भला समझना भी राग का स्वभाव है। (द्र. सुखानुशयी रागः २.७ सूत्रस्य व्याख्या)

[३३] योगदर्शनम् २.८ सूत्रस्य व्यासभाष्यम्

[३४] तदेव २.४ अविद्या क्षेत्रमुत्तरेषां प्रसुप्ततनुविच्छिन्नोदाराणाम्। अविद्या के चारों लक्षणों में से अनित्य में नित्यज्ञान अभिनिवेश क्लेश में प्रधान है, अशुचि में शुचिज्ञान राग में प्रधान है, दुःख में सुखज्ञान द्वेष में प्रधान है क्योंकि द्वेष दुःखविशेष होने पर भी द्वेषकाल में वह सुखकर लगता है, और अनात्मा में आत्मज्ञान अस्मिता क्लेश में प्रधान होता है। (हरिहरानन्द-आरण्य, पृ. १५४)।

नित्यत्वविचारः, अशुचिषु सांसारिकपदार्थेषु शुद्धवद् व्यवहारः, उपयोगाय प्रदत्तेषूपकरणेषु आत्मवद् वर्त्तनम् **अविद्येति** कथिता।

